

Prof. I.P. Jain



Prof. R.C. Mehrotra

R.U two scientist teachers in world ranking

Jaipur- 18 Nov/ The two scientist teachers of the University of Rajasthan, (Late) Prof. R.C. Mehrotra and Prof. I.P. Jain have been ranked in the list of top two percent Indian scientist by the well-known U.S.A Stanford University after conducting its high level independent study.

(Late) Prof. R.C Mehrotra, Dept. of Chemistry, University of Rajasthan ranked 450^{th} world ranking in Organic and Nuclear Chemistry while Prof. I.P Jain at present working in Centre for Non-Conventional energy resources Ranked 1574^{th} world ranking. Vice Chancellor Prof. Rajeev Jain said that this is a great and proud moment for the University of Rajasthan, it reflects the dedication and hard working of University in the field of research, he further said that this achievement will inspire all the researcher of the University who are currently involved in various research programme.

Public Relations Officer



प्रो. आई.पी. जैन



प्रो. आर.सी. महरोत्रा

राजस्थान विश्वविद्यालय के दो वैज्ञानिक शिक्षक शीर्ष 2 प्रतिशत भारतीय वैज्ञानिकों की सूची में ।

जयपुर– 18 नवंबर। राजस्थान विश्वविद्यालय के दो वैज्ञानिक शिक्षकों प्रो. आर.सी. महरोत्रा व प्रो. आई.पी.जैन को अमेरिका की प्रसिद्ध स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन के आधार पर शीर्ष 2 प्रतिशत भारतीय वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है।

राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव जैन ने विश्वविद्यालय के इन दोनो शिक्षकों की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त की गई इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए एक विशेष सम्मान बताया है, उन्होने दोनो शिक्षकों द्वारा अपने निरतंर शोध कार्य में कडी मेहनत के साथ अर्जित की गई इस उपलब्धि को अन्य शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक बताया है।

उल्लेखनीय है कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने उच्च स्तरीय शोध कार्यों का अपने एक उच्च स्तरीय स्वतंत्र अध्ययन के बाद मूल्यांकन किया है और इस मूल्यांकन के आधार पर पूरे भारतवर्ष के शीर्ष 2 प्रतिशत शिक्षक वैज्ञानिकों की सूची जारी की है। इस सूची में राजस्थान विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान के दिवंगत प्रो. आर.सी.महरोत्रा को अकार्बनिक एवं परमाणु रसायन विज्ञान में 450 वीं विश्व रैंकिंग प्रदान की गई है, साथ ही गैर पारपंरिक उर्जा संसाधन केन्द्र के विद्वान शिक्षक प्रो. आई.पी. जैन को 1574 वीं रैंकिंग प्रदान की गई है। प्रो. आई.पी. जैन उर्जा के क्षेत्र में किए गए विशिष्ट शोध कार्यों को पूर्व में भी अनेक संस्थानो द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की गई है।

जनसम्पर्क अधिकारी